# राजनीती - 12

# अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

**निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक पंक्ति में दीजिए**

**1. शीतयुद्ध का चरम बिन्दु क्या था?**

उत्तर—(i) क्यूबा मिसाइल संकट।

**2. 1917 की रूसी क्रान्ति के नायक कौन थे?**

उत्तर— ब्लादिमीर लेनिन।

**3. उपनिवेशों ने किस दशक के उत्तरार्द्ध से आजाद होना शुरू किया?**

उत्तर—1940 के दशक से।

**4. ब्रिटिश इंडिया को कितने भागों में बाँटा गया था?**

उत्तर— दो भागों में (1) भारत (2) पाकिस्तान।

**5. स्वतंत्रता के समय भारत के समक्ष विकास के कौन-कौन से मॉडल थे?**

उत्तर—(1) पूँजीवादी मॉडल (2) समाजवादी मॉडल

**6. दलित पँथर्स का मुख्य लक्ष्य क्या था?**

उत्तर-- दलितों के अधिकारों के लिए आवाज उठाना व जाति आधारित असमानता व अन्याय का विरोध करना।

**7. 2005 के जून में किस समूह के देशों की बैठक हुई?**

उत्तर— ग्रुप-8।

**8. 18वें गुटनिरपेक्ष सम्मेलन में कितने सदस्य देश व पर्यवेक्षक देश शामिल हुए?**

उत्तर—120 सदस्य देश व 17 पर्यवेक्षक देश।

**9. अमेरिकी खेमे के देशों के नाम लिखिए।**

उत्तर— ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली, फ्रांस, पश्चिमी जर्मनी।

**10. सरदार सरोवर परियोजना कब व कहाँ प्रारम्भ की गई?**

उत्तर—1980 की दशाब्दी के प्रारम्भ में नर्मदा घाटी में प्रारम्भ किया गया।

**11. मंडल आयोग की क्या सिफारिश थी?**

उत्तर— अन्य पिछड़ी जातियों के लिए केन्द्रीय सरकार एवं इसके अधीनस्थ समस्त उपक्रमों के रिक्त होने वाले पदों के आरक्षण की सिफारिश की।

**12. योजना आयोग क्या है?**

उत्तर— योजना आयोग 1950 में भारत सरकार के द्वारा एक प्रस्ताव के माध्यम से गठित सलाहकार संस्था है।

**13. गुटनिरपेक्ष आंदोलन के प्रणेता कौन थे?**

उत्तर- जोसेफ ब्राँज टीटो।

**14. सोवियत संघ का विघटन कब हुआ?**

उत्तर- 1919 में।

**15. सार्क (SAARC) का पूरा नाम लिखिए।**

उत्तर- सार्क (SAARC - South Asian Association for Regional Cooperation) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग
संगठन।

**16. द्विराष्ट्र सिद्धान्त किस राजनीतिक दल द्वारा दिया गया था?**

उत्तर- मुस्लिम लीग के द्वारा।

**17. प्रथम पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल बताइए?**

उत्तर- 1951 से 1956 तक

**18. ग्रामीण महिलाओं ने शराब के खिलाफ कौन-सा विरोधी आंदोलन किया था?**

उत्तर- ताड़ी-विरोधी आंदोलन।

**20. राजीव गांधी की मृत्यु के बाद कांग्रेस पार्टी ने किन्हें अपना प्रधानमंत्री चुना?**

उत्तर- नरसिम्हा राव को।

**21. 2019 का 18वाँ गुटनिरपेक्ष सम्मेलन किस देश में हुआ था?**

उत्तर- अजरबेजान देश के बाकू शहर में।

**22. ब्लादिमीर लेनिन किस पार्टी के संस्थापक थे?**

उत्तर- बोल्शेविक कम्युनिस्ट पार्टी के।

**21. कवि द्वारा सूरजमुखी आशीषों वाला फकीर शब्द किनके लिए प्रयुक्त किया गया है?**

उत्तर- डॉ. भीमराव अम्बेडकर के लिए।

**23. बामसेफ (BAMCEF) का पूरा नाम लिखिए।**

उत्तर- बामसेफ (Backward and minority communities employees federation) पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदाय कर्मचारी महासंघ।

**24. 'मिल्क मैन ऑफ इंडिया' के नाम से कौन मशहूर है?**

उत्तर- बर्गीज कुरीयन।

**25. क्युबा मिसाइल संकट के समय सोवितय संघ के नेता कौन थे?**

उत्तर-- निकिता खुश्चेव।।

**26. बर्लिन की दीवार किस बात का प्रतीक थी?**

उत्तर-- पूंजीवादी व साम्यवादी दुनिया के विभाजन का प्रतीक थी।

**27. सुरक्षा का बुनियादी अर्थ है ........... से आजादी।**

उत्तर-- खतरे।

**28. भाग्यवधू से चिर-प्रतीक्षित भेंट भाषण किसके द्वारा दिया गया?**

उत्तर— पं. जवाहरलाल नेहरू द्वारा। ।

**29. वामपंथी विचारधारा से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर— यह विचारधारा निर्धन एवं पिछड़े सामाजिक समूह की तरफदारी करती है एवं इनको लाभ पहुंचाने वाली सरकारी नीतियों का समर्थन करती है।

**30. चिपको आन्दोलन क्यों चलाया गया था?**

उत्तर— यह पेड़ या वनों की कटाई को रोकने के लिए चलाया गया आंदोलन था।

**31. खतरनाक दशक किसे कहा गया है?**

उत्तर—1960 के दशक को।

**32. जर्मनी का एकीकरण कब हुआ था?**

उत्तर— सन् 1990 में।

**33. सोवियत खेमे के देशों का नाम लिखिए।**

उत्तर— सोवियत संघ, पौलेण्ड, हंगरी, रोमानिया, पूर्वी जर्मनी।

**34. चिपको आंदोलन का सर्वाधिक अनुठा पहलू क्या था?**

उत्तर— आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी।

**35. क्योटो प्रोटोकाल कहाँ सम्पन्न हुआ?**

उत्तर— जापान में।

**36. द्वितीय पंचवर्षीय योजना में किसके नेतृत्व में योजना बनाई गयी?**

उत्तर—पी. सी. महालनोबिस।

**37. वारसा सन्धि की स्थापना का मुख्य कारण क्या था?**

उत्तर– नाटों में शामिल देशों का यूरोप में मुकाबला करना।

**38. मार्क्सवाद के असाधारण सिद्धान्तकार कौन थे?**

उत्तर-- ब्लादिमीर लेनिन।

**39. सुरक्षा की ............. धारणा के ............. पक्ष हैं।**

उत्तर– अपारम्परिक, दो।

**40. राज्य पुनर्गठन के आधार पर भारत में कितने राज्य व केन्द्र शासित प्रदेश बनाये गये?**

उत्तर– 14 राज्य व 6 केन्द्र शासित प्रदेश।

**41. बजट का क्या अर्थ है?**

उत्तर–सरकारी आय-व्यय का वार्षिक विवरण बजट कहलाता है।

**42. नर्मदा बचाओ आंदोलन कहाँ चला था?**

उत्तर-- गुजरात में।

**43. मूल वासियों का सवाल ..........., संसाधन और ........ को एक साथ जोड़ देता है।**

उत्तर-- पर्यावरण, राजनीति।

**44. शीतयुद्ध काल की अवधि कौनसी रही है?**

उत्तर-- सन् 1945 से सन् 1990 तक का काल।

**45. मिसाइल गोर्बाचेव ने आर्थिक व राजनैतिक सुधार के लिए किन-किन नीतियों को अपनाया?**

उत्तर–पुनर्रचना(पेरेस्त्रोइका) व खुलेपन (ग्लास्नोस्त) की नीति को।

**46. आर्थिक उदारीकरण की नीति का भारत में सूत्रपात कब हुआ?**

उत्तर-- 1980 के दशक में।

**47. प्रान्तीय दल किसे कहते हैं?**

उत्तर– वे दल जिनका संगठन एवं प्रभाव क्षेत्र प्रायः केवल एक राज्य या प्रदेश तक सीमित होता है।

**48. दक्षिणपंथी विचारधारा क्या थी?**

उत्तर-- दक्षिणपंथी विचारधारा खुली प्रतिस्पेधा एवं बाजार उन्मुख अर्थव्यवस्था को प्रेरित करने वाली विचारधारा थी।

**49. नाटो का पूरा नाम लिखिए।**

उत्तर-- अटलांटिक संधि संगठन (North Atlantic Treaty Organisation)

**50. सोवियत संघ के विघटन में केन्द्रीय भूमिका किसने निभायी थी?**

उत्तर— बोरिस येल्तसिन ने।

**51. विश्व रक्षा किसे कहा जाता है?**

उत्तर— सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा को मानवता की सुरक्षा अथवा विश्व रक्षा कहा जाता है।

**52. सन् 2000 में किन-किन राज्यों का निर्माण किया गया?**

उत्तर— झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तरांचल (उत्तराखंड) का।

**53. द्वितीय पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य बताइए।**

उत्तर-- तीव्र गति से संरचनात्मक विकास करना ।

**54. शेतकारी संगठन ने किसान आंदोलनों को किसकी संज्ञा दी?**

उत्तर— इण्डिया की ताकतों (शहरी औद्योनिक क्षेत्र) के खिलाफ भारत (ग्रामीण कृषि क्षेत्र) का संग्राम।

**55. मूलवासी कहाँ रहते हैं?**

उत्तर— मूलवासी - मुख्यतः आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, मध्य व दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका व दक्षिणी-पूर्वी एशिया में रहते हैं।

**56. पूँजीवादी गुट के सदस्य देशों के नाम लिखिए।**

उत्तर— संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस ।

**57. मिखाइल गोर्बाचेव ने सोवियत संघ में सुधार हेतु क्या-क्या प्रयत्न किये?'**

उत्तर-- मिखाइल गोर्बाचेव ने देश के अन्दर आर्थिक, राजनीतिक सुधारों एवं लोकतंत्रीकरण की नीति को संचालित किया।

**58. सूचना के अधिकार आंदोलन की शुरुआत कब हुयी? इसका नेतृत्व किसने किया? 3**

उत्तर—1990, नेतृत्व मजदूर किसान शक्ति संगठन ने किया।

**59. मंडल मुद्दे से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर— अन्य पिछड़ा वर्ग को मिले आरक्षण के समर्थक व विरोधियों के बीच चले विवाद को मंडल मुद्दा कहा जाता है।

**60. भारतीय अर्थव्यवस्था को मिश्रित अर्थव्यवस्था क्यों कहा गया है?**

उत्तर— भारत ने पूँजीवादी मॉडल व समाजवादी मॉडेले की मुख्य बातों को अपने देश में मिले-जुले रूप में लागू किया। इसी कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को मिश्रित अर्थव्यवस्था कहा जाता है।

**61. एन.पी.टी. का पूरा नाम लिखिए।**

उत्तर-- (i) परमाणु अप्रसार संधि (Treaty on the non prolifedrationof Nuclear)

**62. थैरेपी का क्या अर्थ है?**

उत्तर-- थैरेपी का अर्थ है- आघात पहुँचाकर उपचार करना।

**63. निशस्त्रीकरण से क्या अभिप्राय है?**

उत्तर— निशस्त्रीकरण से तात्पर्य विश्व शांति के लिए कुछ खास किस्म के हथियारों पर रोक लगाने से है।

**64. राष्ट्रीय आंदोलन के नेता एक पंथ निरपेक्ष राज्य के पक्षधर क्यों थे?**

उत्तर— क्योंकि किसी धर्म विशेष को राज्य का संरक्षण दिया जाना भारत के विभिन्न धर्मावलम्बियों के मूलाधिकारों का हनन करता।

**65. आपरेशन फ्लड कब प्रारम्भ किया गया था?**

उत्तर— सन् 1970 में।

**66. जन आंदोलन से क्या तात्पर्य है?**

उत्तर— ऐसे आंदोलन जो दलगत राजनीति से दूर एवं जन सामान्य के हित में चलाये जाते हैं उन्हें जन आंदोलन कहा जाता है।

**67. साझी सम्पदा के चार उदाहरण लिखिए।**

उत्तर—(i) संयुक्त परिवार का चूल्हा (ii) चारागाह (ii) मैदान (iv) नदी।

**68. गुट निरपेक्ष के सदस्य देशों के नाम लिखिए।**

उत्तर-- भारत, इंडोनेशिया, मिस्र, युगोस्लाविया।

**69. शीतयुद्ध के अन्त का क्या प्रभाव पड़ा?**

उत्तर— शीतयुद्ध के अन्त के बाद विश्व में एक धुवीय विश्व व्यवस्था का उदय हुआ।

**70. भारतीय किसान यूनियन द्वारा उठाये गए प्रमुख मुद्दे कौन-से थे?**

उत्तर—(i) बिजली की दरों में वृद्धि का विरोध करना। (ii) नगदी फसलों के सरकारी खरीद मूल्यों में वृद्धि की मांग करना।

**71. गठबंधन सरकार के विपक्ष में दो तर्क दीजिए।**

उत्तर— (i) राजनीति अस्थिरता (ii) नीतियों में दृढ़ता का अभाव।

**72. केन्द्रीकृत नियोजन क्या है?**

उत्तर-- एक ही केन्द्र से योजना लागू करना केन्द्रीकृत नियोजन कहलाता है।

**73. वारसा संधि को पूर्वी गठबंधन क्यों कहा गया?**

उत्तर– क्योंकि इसमें शामिल अधिकांश देश पूर्वी यूरोप के थे।

**74. बाल्टिक गणराज्य कौन-कौन से हैं?**

उत्तर– एस्टोनिया, लैटविया, लिथुआनिया।

**75. एन. पी. टी. का पूरा नाम क्या है? यह संधि किस वर्ष हुयी?**

उत्तर– एन.पी.टी. का पूरा नाम न्यूक्लियर नॉन प्रोलिफेरेशन ट्रीटी है। यह संधि 1968 में हुयी थी।

**76. इंस्ट्रमेंट ऑफ एक्सेशन से क्या अभिप्राय है?**

उत्तर– विभिन्न रजवाड़ों व रियासतों के शासकों ने भारतीय संघ में विलय के एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस सहमति पत्र को ही इंस्ट्रमेंट ऑफ एक्सेशन कहा गया।

**77. नियोजित विकास से क्या आशय है?**

उत्तर-- नियोजित विकास का आशय कम से कम व्यय द्वारा उपलब्ध साधनों का उपयोग करते हुए पूर्व निश्चित लक्ष्य को प्राप्त करने से है।

**78. किन संविधान संशोधनों में महिलाओं को स्थानीय राजनीतिक निकायों में आरक्षण दिया गया है?**
उत्तर-- 73वें व 74वें संविधान संशोधन में।

**79. टिकाऊ (सतत्) विकास का तरीका क्या है?**
उत्तर– पर्यावरण को हानि पहुँचाये बिना होने वाले आर्थिक विकास को टिकाऊ (सतत्) विकास का तरीका कहा जाता है।

**80. साम्यवादी गुट के देशों के नाम लिखिए।**
उत्तर-- सोवियत संघ, रोमानिया, बुल्गारिया।

**81. दूसरी दुनिया के पतन का एक परिणाम बताइये।**
उत्तर– शीतयुद्ध के दौर के संघर्ष की समाप्ति।

**82. चिपको आंदोलन की मुख्य माँग क्या थी?**
उत्तर– चिपको आंदोलन की मुख्य माँग जंगल की कटाई का कोई भी ठेका बहारी व्यक्ति को नहीं देने तथा स्थानीय लोगों का जल, जमीन, जंगल जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर कारगर नियंत्रण होने को लेकर थी।

**83. बहुजन समाज पार्टी के प्रारम्भिक नेतृत्वकर्ता कौन थे?**
उत्तर– कांशीराम।

**84. आपरेशन फ्लड क्या है?**
उत्तर– आपरेशन फ्लड एक ग्रामीण विकास कार्यक्रम था जिसके अन्तर्गत सहकारी दुग्ध उत्पादकों की उत्पादन व वितरण के एक राष्ट्रव्यापी तंत्र से जोड़ा गया।

**85. शीतयुद्ध का सम्बन्ध किन-किन गुटों से था?**
उत्तर-- अमेरिका व सोवियत संघ से।

**86. शॉक थेरेपी के एक परिणाम को उजागर कीजिए।**
उत्तर– शॉक थेरेपी से सम्पूर्ण रूस के क्षेत्र की अर्थव्यवस्था तहस-नहस हो गयी।

**87. एंटी बैलेस्टिक संधि कब व क्यों की गयी?**

उत्तर-- एंटी बैलेस्टिक संधि 1972 में अमरीका और सोवियत संघ को बैलेस्टिक मिसाइलों को रक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करने से रोकने के लिये की गयी।

**88. मुस्लिम लीग की स्थापना कब व कहाँ की गयी?**

उत्तर– ढाका में 1906 में।

**89. इकानॉमी ऑफ परमानेंस नामक पुस्तक किसने लिखी है?**

उत्तर-- जे.सी. कुमारप्पा ने।

**90. एन.एफ.एफ. का पूरा नाम लिखिए।**

उत्तर– राष्ट्रीय मछुवारा संघ (National Fishworkers Foroum)

**91. विश्व राजनीति के कुछ विद्वानों ने जल युद्ध शब्द का निर्माण क्यों किया है?**

उत्तर-- सम्भावना व्यक्त की गयी है कि साझे जल संसाधन को लेकर 21वीं सदी में हिंसक संघर्ष होंगे। इसी को इंगित करते हुए विद्वानों ने 'जलयुद्ध' शब्द गढ़ा है।

**92. गुटनिरपेक्षता का क्या अर्थ है?**

उत्तर-- किसी भी गुट में शामिल न होना तथा अपनी स्वतंत्र नीति का अनुपालन करना ही गुटनिरपेक्षता है।

**93. समाजवादी सोवियत गणराज्य कब अस्तित्व में आया?**

उत्तर– रूस में हुई 1917 की समाजवादी क्रांति के पश्चात।

**94. भारत में द्वितीय पंचवर्षीय योजना के योजनाकार कौन थे? इनकी क्या भूमिका रही?**

उत्तर– भारत में द्वितीय पंचवर्षीय योजना के योजनाकार पी. सी. महालनोबिस थे। ये तीव्र औद्योगीकरण एवं सार्वजनिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका के लिये जाने जाते हैं।

**95. गठबंधन युग का एक उदाहरण बताइए।**

उत्तर– राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार दो बार सन् 1998 से लेकर सन् 2004 तक अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में रही।

**96. नर्मदा घाटी परियोजना के विरोध के दो कारण बताइए।**

उत्तर-- बाँध से प्रकृति, नदियों, पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जिस क्षेत्र में बाँध बनाए जाते हैं वहाँ रह रहे गरीबों के घर-बार, उनकी खेती योग्य भूमि, वर्षों से चले आ रहे कुटीर उद्योगों पर भी बुरा प्रभाव पड़ते है।

**97. सीटो (CEATO) का विस्तृत रूप क्या है?**

उत्तर-- दक्षिण-पूर्व एशियाई संधि संगठन (South-east Asian Treaty Organisation)

**98. सोवियत संघ के विघटन के पश्चात उसका उत्तराधिकारी गणराज्य कौन-सा बना?**

उत्तर-- रूस।

**99. बी. डब्ल्यू. सी (BWC) का पूरा नाम लिखिए।**

उत्तर-- बॉयोलॉजिकल वीपन्स कन्वेंशन (जैविक हथियार संधि)।

**100. भारत का लौह पुरुष किसे कहा जाता है?**

उत्तर– सरदार वल्लभ भाई पटेल को।

**101. केरल मॉडल क्या है?**

उत्तर– केरल में विकास व नियोजन के लिए जो रास्ता चुना गया उसे केरल मॉडल कहते है ।

**102. दल आधारित आंदोलन से क्या तात्पर्य है?**

उत्तर-- ऐसे आंदोलन जो किसी राजनीतिक दल के सहयोग से प्रारम्भ किये जाते हैं उन्हें दल आधारित आंदोलन कहते हैं।

**103. यू.एन.एफ.सी.सी.सी. का पूरा नाम लिखिए।**

उत्तर– यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज।

**104. साम्यवाद के प्रसार को रोकने के लिए अमेरिका ने क्या कदम उठाये।**

उत्तर-- अमेरिका ने ट्रूमैन सिद्धान्त, मार्शल योजना व आइजन हॉवर सिद्धान्त बनाए।

**105. सोवियत राजनीतिक प्रणाली की धुरी क्या थी?**

उत्तर– सोवियत राजनीतिक प्रणाली की धुरी कम्युनिस्ट पार्टी थी।

**106. वर्गीज कुरियन किससे संबंधित थे?**

उत्तर-- श्वेत क्रांति से।

**107. बाबरी ढाँचे के विध्वंस के क्या परिणाम हुए?**

उत्तर– बाबरी ढाँचे के विध्वंस के कारण भारतीय राष्ट्रवाद व धर्मनिरपेक्षता पर बहस तेज हो गयी तथा भाजपा को उदय के लिए आधार प्राप्त हुआ।

**108. समाज में वंचना का भाव क्यों प्रबल हुआ?**

उत्तर-- जाति व लिंग पर आधारित सामाजिक असमानताओं ने गरीबी के मसले को और ज्यादा जटिल बना दिया, शहरी व औद्योगिक तथा ग्रामीण कृषि क्षेत्र के बीच एक न पाटी जा सकने वाली फाँक पैदा हुयी, जिससे समाज में वंचना की भावना प्रबल हुयी।

**109. पहली दुनिया से क्या तात्पर्य है?**

उत्तर– उत्तरी अमेरिका महाद्वीप, यूरोप के पश्चिमी राष्ट्रों, आस्ट्रेलिया व जापान को पहली दुनिया के देशों के रूप में जाना जाता है।

**110. नाटो सदस्य देशों के नाम लिखिए।**

उत्तर– ब्रिटेन, नार्वे, डेनमार्क, फ्रांस, स्पेन, पश्चिमी जर्मनी, पुर्तगाल, इटली, ग्रीस, तुर्की, नीदरलैण्ड आदि।

**111. खेती का बलपूर्वक सामूहिकीकरण का श्रेय किसको दिया जाता है?**

उत्तर– जोसेफ स्टालिन को।

**112. बोर्डंग सम्मेलन कब व कहाँ आयोजित किया गया?**

उत्तर– इण्डोनेशिया के बोईंग शहर में 1955 ' में।

**113. भारत की सुरक्षा नीति के प्रमुख घटक कौन-कौन से हैं?**

उत्तर–(i) सैन्य क्षमता को मजबूत करना,

(ii) देश की आन्तरिक सुरक्षा समस्याओं से निपटारा,

(iii) आर्थिक विकास की रणनीति

(iv) अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों व संस्थाओं को मजबूत करना।

**114. ओजोन परत में छिद्र के दो कारण लिखिए।**

उत्तर–(i) क्लोरो फ्लोरो कार्बन गैसों का उत्सर्जन।

(ii) शीतलक यंत्रों व फोटो स्टेट मशीनों से निकलने वाली गैसें।

**115. सन् 2000 में किन-किन नये राज्यों का गठन हुआ था?**

उत्तर– झारखण्ड, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड (उत्तरांचल)

**116. इकानॉमी ऑव परमानेंस नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

उत्तर– जे. सी. कुमारप्पा।

**117. भारत में श्वेत क्रांति का जनक किसे कहा गया है?**

उत्तर-- वर्गीज कुरियन को।

**118. दलित पैंथर आंदोलन कहाँ चला था?**

उत्तर– महाराष्ट्र राज्य में।

**119. पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी दो आंदोलनों के नाम लिखिए।**

उत्तर–(i) चिपको आंदोलन (ii) एप्पिको आंदोलन।

**120. ओबीसी का पूरा नाम क्या है?**

उत्तर– अदर बैकवर्ड कास्ट (अन्य पिछड़ा वर्ग)